# सीएमसीएलडीपी छात्रों एवं प्रस्फुटन समितियों द्वारा किया गया बोरीबंधान

विकासखंड बालाघाट के ग्राम हट्टा एवं रतनारा के बीच नाले में सीएमसीएलडीपी छात्रों, नवांकुर संस्था एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के सहयोग से बोरी बंधान कार्य किया गया है। इससे पहले नवांकुर संस्था नवचेतना एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति रतनारा तथा सीएमसीएलडीपी के प्रथम वर्ष व द्वितीय वर्ष के छात्रों द्वारा एक बैठक आयोजित की गई जिसमें विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई जिसमे बोरी बंधान कार्य करने का निर्णय लिया गया। यह कार्य ग्राम रतनारा के नाले में किया जाना तय हुआ। आने वाले समय में जल की समस्या से बचने के लिए और जल संरक्षण लक्ष्य का ध्यान में रखकर यह कार्य सीएमसीएलडीपी छात्रों, नवांकुर संस्था, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति रतनारा के सम्पूर्ण प्रयास से किया गया



है। बोरी बंधान कार्य हेतु 100 बोरी का प्रबंध किया एवं कार्य पूर्ण करने में 8 घंटे तक समय लगा। नाले में लंबे समय तक पानी रूका रह सकता है। इस कार्य का मूल्यांकन ब्लाक समन्वयक एवं मेन्टर्स द्वारा किया गया।

# सीएमसीएलडीपी छात्र के प्रयासों को मरीजों व उनके परिजनों को मिल रहा पॉच रू. में भोजन

श्योपुर जिले के विकासखण्ड विजयपुर के ध्रुव कुमार शर्मा द्वारा म.प्र. जन अभियान परिषद द्वारा संचालित सीएमसीएलडीपी पाठ्यक्रम में प्रवेश कर जो शिक्षा प्राप्त की उसमें सामाजिक कार्यकर्ताओं के प्रयासों को पढ़कर कुछ करने की इच्छा जाग्रत हुई। सबसे पहले ध्रुव कुमार शर्मा ने गॉव के स्व–सहायता समूह के खिलाफ आवाज उठाई जिसमें काफी परेशानियों का सामना किया और अन्त मे आदिवासी बच्चों को दूसरे समूह द्वारा भोजन दिया जाने लगा। भोजन की परेशानी तो हल हो गई, फिर आदिवासी बस्ती में पानी की समस्या व्याप्त थी। ध्रुव कुमार शर्मा द्वारा काफी प्रयास करने के बाद ग्राम पंचायत गॉवढ़ी की आदिवासी बस्ती में पानी के लिये हैण्डपम्प लगवाये गये। ध्रुव कुमार शर्मा, मेन्टर मनीष कुमार गुप्ता ने विजयपुर में रक्तदान शिविर लगाया गया। बी.एस.डब्लू. के छात्र कक्षाओं में बैठकर चर्चा कर रहे थे कि पेड लगाने व स्वच्छता के काम तो बहुत हो चुके है और आगे भी होते रहेंगे, लेकिन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र विजयपुर में गरीबों को भोजन के लिये इधर–उधर भटके हुये देखा जाता है। दूर–दराज के गॉव से आये मरीजों के परिजनों को रात्रि में भूखे पेट सोना पड़ता है। इसे देखते हुये ध्रुव कुमार शर्मा ने सभी छात्रों से इस संबंध में चर्चा की कि जन सहयोग से मरीजों व प्रसूता महिलाओं के साथ आये हुये परिजनों को मात्र पॉच रुपये में भोजन व्यवस्था की जाये। ध्रुव कुमार शर्मा की बात से सभी छात्र व मेंटर्स सहमत थे। उनके लगातार प्रयासों से सामुदायिक स्वस्थ्य केन्द्र विजयपुर में नियमित जन सहयोग से पॉच रुपये में भोजन व्यवस्था की जा रही है। यह पूर्णतः जन सहयोग से हो रहा है। इसमें विशेष सहयोग जिला समन्वयक जन अभियान परिषद जिला श्योपुर, विकासखण्ड समन्वयक जन अभियान परिषद विजयपुर, श्री मनोज कुमार झॉ, थाना प्रभारी विजयपुर, श्री केशव गोयल परियोजना अधिकारी, महिला एवं वाल विकास विजयपुर, मेंटर्स श्री मनीष कुमार गुप्ता, श्री हेमन्त शर्मा, श्रीमती शिल्पी गोयल, श्री दुर्गेश सिंह सेंगर, श्री दीपक कुमार गुप्ता का रहा है।

